✓ Keybooks are freely available at our website http://www.ProgressPublishers.com

## उत्तर पुस्तिका

# भाषा माधुरी

## 3

प्रोग्रेस पब्लिशर्स
कृष्णा नगर, दिल्ली 110051

EMAIL : progresspublishers@gmail.com

# 1 प्रार्थना

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

   (क) जग का स्वामी ईश्वर है।

   (ख) ईश्वर ने सभी को बनाया है।

   (ग) आकाश में तारे देखने में प्यारे-प्यारे लगते हैं।

   (घ) साँस लेने के लिए हमें हवा की आवश्यकता होती है।

   (च) जहाँ हम सब रहते है। (पृथ्वी पर)

2. **नीचे दी गई पंक्तियाँ पूरी करें-**

   (क) तुमने यह आकाश बनाया। सूर्य चंद्रमा, को चमकाया॥

   (ख) प्यारी अपनी धरती माता। आप सभी के जीवन दाता॥

3. **दिए गए संयुक्त अक्षरों वाले शब्द पाठ से चुनकर लिखें-**

   (क) अंतर्यामी (ख) चंद्रमा

   (ग) तुम्हारी (घ) स्वामी

4. **दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखें-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सवामी | स्वामी | किरपा | कृपा |
| प्रशन | प्रश्न | पयारी | प्यारी |

# 2 फिर से चूहा

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

   (क) महात्मा जी जंगल के आश्रम में रहते थे।

   (ख) जब चूहा बिलाव से डर कर महात्मा जी की गोद में आ बैठा तब उन्हें चूहे पर दया आई।

   (ग) चूहा महात्मा जी की दया से पहले बिलाव, फिर कुत्ता और उसके बाद शेर बन गया।

   (घ) शेर को अपमान इसलिए लगने लगा क्योंकि महात्मा जी सब को बता देते थे कि यह पहले चूहा था।

   (च) अंत में महात्मा जी के जल छिड़कने से वह फिर चूहा बन गया।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

   (क) महात्मा जी ने फिर जल **छिड़का** बिलाव कुत्ता बन गया।

   (ख) अब **बाहर** जाने में डर लगता है।

   (ग) मैंने इसे **शेर** बना दिया है।

(घ) यह सोचते-सोचते **शेर** का चेहरा बदल गया।

(च) चूहा बनते ही उसका **सारा अभिमान** चूर-चूर हो गया।

3. **बताइए ये वाक्य किसने, किससे कहे?**

(क) चूहे ने महात्मा जी से कहा।

(ख) शिष्यों ने महात्मा जी से कहा।

(ग) महात्मा जी ने शिष्यों से कहा।

4. **कहानी के अनुसार वाक्यों को क्रम से लिखें-**

(क) महात्मा जी बहुत तपस्वी थे।

(ख) महात्मा जी को चूहे पर दया आ गई।

(ग) महात्मा जी ने चूहे पर जल छिड़का।

(घ) चूहा बिलाव बन गया।

(च) बिलाव कुत्ता बन गया।

(छ) कुत्ता शेर बन गया।

(ज) तू फिर से चूहा बन जा।

5. **दिए गए शब्दों के प्रत्येक अक्षर को अलग-अलग करके लिखें-**

कुत्ता - क् + उ + त् + त् + आ

आश्रम - आ + श् + र् + अ + म् + अ

निश्चित - न् + इ + श् + च + इ + त् + अ

समाप्त - स् + अ + म् + आ + प् + त् + अ

7. **दिए गए शब्दों से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

(क) निरोगी (ख) विद्वान (ग) देशप्रेमी

(घ) माननीय (च) दर्शनीय (छ) अनिवार्य

8. **शुद्ध कीजिए-**

आश्चर्य लताएँ

मक्खियाँ अमृत

## 3 स्वामी विवेकानंद

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) स्वामी विवेकानंद जी का बचपन में नरेंद्र नाम था।

(ख) शिक्षक से बैठने की अनुमति मिलने पर भी नरेंद्र इसलिए खड़े रहे क्योंकि वे भी बातें कर रहे थे।

(ग) स्वामी विवेकानंद के गुरू रामकृष्ण परमहंस थे।

(घ) संत वे होते हैं जो लोगों को धर्म एवं सत्य मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं।

2. **दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें–**

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षा | पढ़ाई | हमें परिश्रम से पढ़ाई करनी चाहिए। |
| प्रशंसा | बड़ाई | अच्छे बच्चों की बड़ाई सभी करते हैं। |
| महान् | बड़ा | जो सबके काम आता है वही बड़ा होता है। |
| पराधीनता | गुलामी | हमें गुलामी में नहीं रहना चाहिए। |

3. **वाक्यों को शुद्ध करके लिखें–**

(क) विवेकानंद जी के बचपन का नाम नरेंद्र था।

(ख) मैं भी तो बातें कर रहा था।

(ग) परमहंस जी गीत सुन कर अति प्रसन्न हुए।

(घ) आलस को पूरी तरह छोड़ना चाहिए।

(च) हमारे लिए उनके उपदेश आज भी प्रेरणाप्रद हैं।

## 4 देखकर चलो

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) लाल बत्ती तुरंत रूकने का संकेत देती है।

(ख) हरी बत्ती जलने पर वाहन झटपट भाग खड़े होते हैं।

(ग) बत्ती का ध्यान इसलिए रखना चाहिए कि कोई दुर्घटना न हो जाए।

(घ) चौराहे को तब पार करना चाहिए जब हरी बत्ती जलने लगे।

2. **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

(क) क्या कहती है बत्ती लाल? झटपट रोको उपनी चाल।

(ख) बत्ती हरी जली अब आगे। सारे वाहन झटपट भागे॥

(ग) बत्ती का जो करे न ध्यान। होता तब उसका नुकसान॥

(घ) दुर्घटना होती कई बार। कभी पकड़ लेती सरकार॥

## 5 चतरी बकरी

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) बकरी का नाम चतरी था।

(ख) बकरी के बच्चों के नाम आली, बाली, चाऊँ और माऊँ थे।

(ग) भेड़िये की करतूत मिट्ठू तोते ने देखी थी।

(घ) बकरी को तोता, लोहार और तेली से सहायता लेनी पड़ी।

(च) आली खोलो द्वार, बाली खोलो द्वार, चाऊँ खोलो द्वार, माऊँ खोलो द्वार।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–**

(क) एक **बकरी** का नाम चतरी था।

(ख) मेरी आवाज पहचान कर **दरवाजा** खोलना।

(ग) माँ का गाना सुन कर **बच्चे** दरवाजा खोल देते।

(घ) **भेड़िया** छिप कर बैठ गया।

3. **ये वाक्य किसने, किससे कहे?**

(क) चतरी ने गंगू तेली से

(ख) गंगू तेली ने चतरी बकरी से

## 6 मिलकर चलें

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) करीना ने माता से पूछा, ये हड़ताल क्या होती है, इसमें विद्यालय क्यों बंद रहेंगे?

(ख) शरीर के अंगों में बहस इसलिए हुई क्योंकि सब अपने को बड़ा और दूसरे को छोटा बताना चाह रहे थे।

(ग) बातचीत का साधन मुख है।

(घ) नाक का काम साँस लेना है।

(च) पेट खाने का रस बनाकर शरीर के सभी हिस्सों को देता है।

2. **नीखे लिखे अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखें–**

पेट भोजन को पचाता है

आपको आज क्या खाना है?

सब अंगों ने अपनी गलती मान ली।

मिलजुल कर चलने से ही सबका भला है।

3. **नीचे दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाड़ी | गाड़ियाँ | वस्तु | वस्तुएँ |
| देवी | देवियाँ | घड़ा | घड़े |
| बात | बातें | लोटा | लोटे |

4. **नीचे दिए गए शब्दों को एकवचन में बदलिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| काँटा | काँटे | नदी | नदियाँ |
| गाय | गायें | दवाई | दवाइयाँ |
| पुत्री | पुत्रियाँ | बंदूक | बंदूकें |

5. **नीचे दिए गए वाक्यों को बहुवचन में बदलिए-**
   (ख) पैरों ने क्या कहा?
   (ग) मेरा जीवन खुशियों से भर जाएगा।
   (घ) दोनों हाथों से जोर लगाओ।

## 7 हमारा विद्यालय

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
   (ख) उद्यान की देखभाल विद्यालय का माली करता है।
2. **रिक्त स्थान भरें-**
   (क) शनिवार को **बालसभा** होती है।
   (ग) यहाँ छात्रावास की भी उत्तम **व्यवस्था** है।
   (घ) मैं पुस्तकालय में नित्य **बैठकर** पढ़ती हूँ।
4. **दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखें-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुत्र | पुत्री | भाई | बहन |
| मामा | मामी | शिक्षक | शिक्षिका |
| महोदय | महोदया | अध्यापक | अध्यापिका |
| प्रधानाचार्य | प्रधानाचार्या | लड़का | लड़की |

5. **दिए गए वाक्यों को पुल्लिंग में बदलें-**
   (क) वह अपनी पढ़ाई मेहनत से करता है।
   (ख) क्या तुम अगले सप्ताह दिल्ली आओगे?
   (ग) मैं पुस्तक पढ़ता हूँ।
   (घ) वार्डन महोदय हम सबसे अपने बच्चों की तरह प्रेम करते हैं।
   (च) हमारे प्रधानाचार्य एक आदर्श पुरूष हैं।

## 8 समय

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
   (क) एक घंटे में साठ मिनट होते हैं।

(ख) जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर।

(ग) चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन (क्वाँर), कार्तिक, मार्गशीर्ष (अगहन), पौष, माघ और फाल्गुन।

(घ) हिंदी का नया वर्ष चैत्र (मार्च-अप्रैल) से शुरू होता है।

(च) दिन-रात में चौबीस घंटे होते हैं।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

(क) सप्ताह में **सात** दिन होते हैं।

(ख) एक वर्ष में **बारह** महीने होते हैं।

(ग) हिंदी का नया वर्ष **चैत्र** से शुरू होता है।

(घ) सूर्य के चारों ओर **पृथ्वी** चक्कर लगाती है।

(च) एक घंटे में **साठ** मिनट होते हैं।

3. **दिए गए वाक्यों से क्रिया शब्द एवं सहायक क्रिया शब्द चुनकर लिखें-**

| | क्रिया | सहायक क्रिया |
|---|---|---|
| (क) | बन जाता | है |
| (ख) | होते | हैं |
| (ग) | जा रहा | था |

5. **दिए गए अंकों को शब्दों में लिखें-**

| | | |
|---|---|---|
| तीन | पाँच | सात |
| नौ | ग्यारह | तेरह |
| पंद्रह | सत्रह | उन्नीस |

6. **इन वाक्यों में सहायक क्रियाएँ लगाइए-**

मैं मोहन का भाई हूँ।

दिल्ली भारत की राजधानी है।

राजा राम दशरथ के पुत्र थे।

माता सीता राम की पत्नी थी।

## 9 दो चिड़ियाँ

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) एक चिड़िया ने दूसरी चिड़िया से कहा कि हम दोनों ही चिड़ियाँ हैं फिर आपस में क्यों झगड़े।

(ख) हम दोनों आपस में मिल-जुल कर भेदभाव को दूर करें और दुश्मन के सपनों को चकनाचूर करें।

2. **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए –**

(क) बात न बिगड़े आपस में।

(ख) लड़ा-भिड़ा कर दोनो को।

(ग) भेदभाव को दूर करें।

(घ) मिल कर चकनाचूर करें।

3. **नीचे दी गई तालिका की सहायता से छः वाक्य बनाइए –**

(क) मैं बस से विद्यालय जाता हूँ।

(ख) आप साइकिल से विद्यालय जाते हैं।

(ग) वे बस से विद्यालय जाते हैं।

(घ) वे साइकिल से जाते हैं।

(च) मैं विद्यालय जाता हूँ।

(छ) आप जाती हैं।

4. **विलोम शब्दों को रेखा खींचकर मिलाएँ –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आशा | नीचा | अंदर | निर्धन |
| आलसी | शत्रु | घृणा | पुराना |
| ऊँचा | निराशा | धनवान् | पतला |
| मित्र | अनुचित | नया | बाहर |
| उचित | परिश्रमी | मोटा | प्रेम |

## 10 बलिदान

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

(क) बाजीप्रभु शिवाजी की सेना के वीर सैनिक थे।

(ख) पन्हालगढ़ को सिद्दी जौहर और उसकी सेना ने घेर लिया था।

(ग) बाजीप्रभु ने प्रस्ताव रखा कि आप कुछ सैनिकों के साथ तेजी से रंगाना की ओर बढ़ जाइए मैं शत्रु को रोकता हूँ ।

(घ) शिवाजी ने तीन-तोपें दाग कर पहुँचने की निशानी तय की।

(च) बाजीप्रभु प्राण छूटने से पहले शिवाजी का संदेश सुनना चाहते थे।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –**

(क) हमारा भारत **वीरों** का देश है।

(ख) सैनिक शिवाजी को **पालकी** में बिठा कर चल पड़े।

(ग) बाजीप्रभु के शरीर से **रक्त** बहने लगा।

(घ) वह प्राण छूटने से पहले **शिवाजी का** संदेश सुनना चाहता था।

(च) उसी समय **तोप की** आवाज सुनाई दी।

3. **रिक्त स्थानों में विशेषण शब्द भरें–**

(क) मोटा (ख) मीठा (ग) लाल (घ) लंबी

## 11 लक्ष्य

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) कौरव तथा पांडव गुरू द्रोणाचार्य के शिष्य थे।

(ख) परीक्षा के समय वृक्ष पर टंगी बनावटी चिड़िया की दाहिनी आँख पर निशाना लगाना ही लक्ष्य था।

(ग) युधिष्ठिर को लक्ष्यबेध का अवसर न दिए जाने के कारण दुर्योधन को प्रसन्नता हुई ।

(घ) अर्जुन लक्ष्यबेध में सफल इसलिए रहा क्योंकि उसे एक ही लक्ष्य दिखाई पड़ रहा था।

(च) हमें अपनी सफलता के लिए कोई लक्ष्य बनाकर संपूर्ण ध्यान उसी पर देना चाहिए।


2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–**

(क) प्रत्येक कार्य **मन** लगा कर करना चाहिए।

(ख) पांडव तथा कौरव गुरु द्रोणाचार्य के **शिष्य** थे।

(ग) यदि ध्यान एक जगह होगा तो **सफलता** मिलेगी।

3. **समान अर्थ वाले शब्दों को रेखा खींच कर मिलाएँ–**




5. **रेखांकित शब्दों के बदले पर्यायवाची शब्द लिख कर वाक्य पुनः लिखें–**

(ख) पुष्प सबको सुगंध देते है।

(ग) दिनकर से हमें प्रकाश मिलता है।

(घ) पर्वतों से नदियाँ निकलती है।

(च) प्यासे को जल पिलाना चाहिए।

6. **नीचे दिए गए वाक्यों के विपरीत अर्थ वाले वाक्य बनाएँ-**

(ख) हिंदी एक कठिन भाषा है।

(ग) एक बालक दौड़ में पीछे रहा।

(घ) वह खराब लिखता है।

(च) रात्रि के समय अंधेरा होता है।

## 12 देशभक्ति का गीत

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) हम सब भारत माँ की धरती पर खेलते हैं।

(ख) धरती माता हमें प्यार, भोजन और पानी देती है।

(ग) भारत माता की धूल कायर को नहीं उपजाती।

(घ) हम मर्यादा जो पार करेगा उसको सबक सिखा देंगे।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

(क) बालक हैं पर भारत माँ पर। आँच नहीं आने देंगे॥

(ख) इस धरती पर खेले हैं । हम मिलजुल कर सारे॥

3. **विलोम शब्द लिखिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रकाश | अंधकार | ठीक | खराब |
| सर्दी | गर्मी | प्रश्न | उत्तर |
| पाप | पुण्य | दूर | पास |
| शत्रु | मित्र | निश्चित | अनिश्चित |

4. **नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखें-**

(क) हम भारत पर आँच नहीं आने देंगे ।

(ख) हम सबको अन्न, जल धरती देती है।

(ग) बालक जान कर मुझे मत बहकाएँ।

(घ) मैं इसकी वायु में साँस लेता हूँ ।

## 13 हमारे प्रमुख त्योहार

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) भगवान् ईसामसीह का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था।

(ख) जन्माष्टमी इसलिए मनाई जाती है क्योंकि इसदिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था।

(ग) एक महीने रोजे रखने के बाद ईद वाले दिन सब नए-नए कपड़े पहन कर

नमाज अदा करने जाते हैं। आपस में गले मिल कर ईद की मुबारकबाद देते हैं। सेवइयाँ और मिठाइयाँ आपस में बाँट कर खाते हैं।

(घ) गुरुपर्व कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है।

(च) पोंगल मकर संक्रांति के दिन मनाया जाता है। पहले दिन इंद्र की पूजा करके, दूसरे दिन सूर्य की पूजा करके और तीसरे दिन गौ माता की पूजा करके खुशियाँ मनाई जाती हैं।

(छ) ओणम राजा महाबलि की याद में मनाया जाता है।

(ज) बच्चे पटाखे दीपावली की रात को जलाते हैं।

2. **इस पाठ से कोई चार पुनरुक्त शब्द चुनकर लिखें–**

(क) हँसते–हँसते

(ख) भजन–कीर्तन

(ग) नए–नए

(घ) लक्ष्मी–गणेश

3. **नीचे लिखे वाक्यों में सहायक क्रिया छाँटो–**

(क) जाती है । (ख) जाते हैं । (ग) रहते हैं।

(घ) कहते हैं। (च) जाता है।

4. **रिक्त स्थानों में क्रिया शब्द भरिए–**

(क) दीपावली अमावस्या को **होती है।**

(ख) ईद पर लोग एक दूसरे को बधाई **देते हैं।**

(ग) बड़े दिन पर गिरजाघर में विशेष प्रार्थना **होती है ।**

(घ) गुरुग्रंथ साहब सिक्खों का धार्मिक ग्रंथ **है ।**

5. **नीचे दी गई तालिका की सहायता से छः वाक्य बनाइए–**

(क) हमारे देश में दशहरा मनाया जाता है ।

(ख) हमारे देश में दीपावली मनाई जाती है।

(ग) हमारे देश में होली मनाई जाती है।

(घ) हमारे देश में क्रिसमस मनाया जाता है।

(च) हमारे देश में ईद मनाई जाती है।

(छ) हमारे देश में राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं।

# 14 स्वतंत्रता दिवस

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

   (क) स्वतंत्रता दिवस पंद्रह अगस्त को मनाया जाता है।

   (ख) पंद्रह अगस्त को लालकिले पर झंडा प्रधानमंत्री फहराते हैं।

   (ग) स्वतंत्रता मिलने से पहले हमारे देश पर अंग्रेजों का शासन था।

   (घ) आजादी के आंदोलन का नेतृत्व महात्मा गाँधी आदि महापुरूषों ने किया था।

2. **शब्दों को जोड़कर नए शब्द बनाएँ-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | कार्यक्रम | (घ) | पाठशाला |
| (ख) | राजकुमार | (च) | लालकिला |
| (ग) | योगदान | (छ) | प्रधानमंत्री |

3. **समझें और लिखें-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | गुरू | + | भक्त |
| (ख) | फुट | + | बाल |
| (ग) | आकाश | + | वाणी |
| (घ) | चार | + | मीनार |
| (च) | राम | + | सेवक |
| (छ) | राज | + | धानी |

4. **नीचे लिखे वाक्यों से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्दों को चुनकर भिन्न-भिन्न कालम में लिखिए-**

| | संज्ञा | सर्वनाम | विशेपण | क्रिया |
|---|---|---|---|---|
| (ख) | प्रधानमंत्री, लाल किले, झंडा | | तिरंगा (झंडा) | फहराते हैं। |
| (ग) | भारत, ध्वज | | तिरंगा<br>राष्ट्रीय (ध्वज) | है। |
| (घ) | पंद्रह अगस्त, प्रधानमंत्री, राष्ट्र संदेश | | | देते हैं। |

## 15 साइकिल

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**
   (क) ड्रेसवान जर्मन का रहने वाला था।
   (ख) जर्मन के हीनरिच नाम के व्यक्ति ने साइकिल के सभी अंग लोहे के बनाए।
   (ग) दोनों पहियों को बराबर का आकार स्टाइले नामक वैज्ञानिक ने दिया।
   (घ) साइकिल के प्रयोग से बिना प्रदूषण यात्रा के साथ साथ व्यायाम भी हो जाता है ।

2. **पहले क्या हुआ? फिर क्या हुआ? क्रम से लिखें –**
   (क) मजदूरों को लकड़ी ढोते हुए देखा।
   (ख) इसके सहारे चालीस मील की यात्रा की।
   (ग) इसे पैर से धकेलने की जरूरत नहीं पड़ती थी।
   (घ) लोहे के कारण इसका वजन अधिक को गया।

3. **कोई दो पुनरुक्त शब्द लिखें –**
   (क) गाते-गाते
   (ख) पढ़ते-पढ़ते

4. **रेखांकित शब्द संज्ञा है या सर्वनाम ? वाक्यों के आगे लिखें –**
   (क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
   (ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम

5. **नीचे कुछ सर्वनाम शब्द दिए गए हैं इन्हें चुन कर वाक्यों में उचित स्थान पर लगाइए –**
   (क) घर में **कौन** आया था?
   (ख) **वह** बहुत मेहनती लड़का है।
   (ग) **जो** आलस्य करेगा **वह** सफल नहीं होगा।
   (घ) **आप** का स्वागत है।

## 16 रहीम

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**
   (क) रहीम जी का पूरा नाम अब्दुल रहीम खानखाना था।
   (ख) रहीम जी की आँखें नीचे इसलिए झुकी रहती थीं क्योंकि वह सोचते थे कि देने वाला ईश्वर है किंतु लोग मुझे दाता समझते हैं ।
   (ग) महान् लोग वे होते है जो गरीबों का हित करते हैं।

(घ) प्रेम रूपी धागा टूट जाने पर फिर दुबारा नहीं जुड़ पाता है।

(च) खराब समय आने पर शांत होकर बैठना चाहिए।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**

(क) देनहार कोई और है, भेजत है दिन रैन।
लोग भरम मो पै करैं, ताते नीचे नैन॥

(ख) बड़े बड़ाई ना करैं, बड़े ना बोलैं बोल।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो मोल ॥

3. **दिए गए शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करें -**

(क) अब वह चैन से रहता है।
कुत्ता चेन से बँधा है।

(ख) सिर पर मुकुट रखा है।
सिरा में कंपन होता है।

(ग) सप्ताह में सात दिन होते है।
दीन-दुखियों की सहायता करनी चाहिए।

(घ) गाड़ी तेज नहीं चलानी चाहिए।
गाढ़ी मेहनत से कमाया धन मौके पर काम आता है।

(च) सुखी रहना चाहिए।
सूखी फसल को वर्षा से क्या लाभ।

(छ) दीपक की शिखा काली होती है।
जीवन में हमेशा कुछ न कुछ सीखना चाहिए।

(ज) लड़का लड़की समान होते हैं।
आवश्यक सामान का संग्रह करना चाहिए।

4. **मिलती जुलती ध्वनि वाले शब्द लिखें -**

(क) पढ़ाई-लिखाई (ख) गाना-बजाना

(ग) धर्म-कर्म (घ) जन-धन

5. **'अ' जोड़कर विलोम शब्द बनाएँ -**

(क) असुविधा (ख) असुरक्षा

(ग) अन्याय (घ) असफल (च) असाधारण

## 17 सहायता

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
   - (क) घोड़े ने आदमी को गाय का दूध निकालने की सलाह दी।
   - (ख) गाय ने आदमी से घोड़े को साथ रखने के लिए इसलिए कहा क्योंकि एक तो घोड़ा सवारी के काम आएगा और दूसरा सामान ढोने के।
   - (ग) गाय और घोड़े ने बहस के बाद यह स्वीकार किया कि आदमी हमसे श्रेष्ठ है। इसकी सेवा करनी चाहिए।
   - (घ) गाय और घोड़े में सींग गाय के थे।
   - (च) कुत्ते ने आदमी से यह कहा कि मैं प्राण देकर भी आपके यहाँ रखवाली करूँगा।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**
   - (क) गाय का दूध बड़ा **स्वादिष्ट** होता है।
   - (ख) घोड़ा बहुत देर में **वापस आया**।
   - (ग) गाय और घोड़े में **बहस** होने लगी।
   - (घ) मैं आपके यहाँ **रखवाली** करूँगा।

3. **किसने, किससे कहा–**
   - (क) घोड़े ने आदमी से कहा
   - (ख) गाय ने आदमी से कहा
   - (ग) कुत्ते ने आदमी से कहा
   - (घ) आदमी ने गाय से कहा

4. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–**

   (क) कुत्ता (ख) गाय (ग) चिड़िया

   (घ) घोड़ा (च) शेर (घ) कोयल

5. **देखें और लिखें–**
   - (क) स्त्री और पुरुष
   - (ख) खरीदना और बेचना

## 18 फुटबॉल

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
   - (क) जो खेल पैरों से गेंद को मार कर खेला जाता है, उसे फुटबॉल कहते हैं।
   - (ख) फुटबॉल के खेल में दो टीमें खेलती हैं।

(ग) एक टीम में ग्यारह खिलाड़ी खेलते हैं।

(घ) गोल और फाऊल का निर्णय रेफरी करता है।

2. **दिए गए वाक्यों में अल्प विराम और पूर्ण विराम का प्रयोग कीजिए-**

(क) जब गेंद सीमा से बाहर चली जाती है, तब दूसरी टीम को गेंद अंदर लाने का अवसर मिलता है।

(ख) पैरों से गेंद को मारकर खेला जाता है, उसे फुटबॉल कहते हैं।

3. **दिए गए विशेषण शब्दों से उचित शब्द चुन कर वाक्य पूरे करें-**

(क) नितिन **लंबा** लड़का है।

(ख) खेलने से मन **प्रसन्न** होता है।

(ग) गेंद **गोल** होता है।

(घ) एक टीम में **ग्यारह** खिलाड़ी होते हैं।

(च) खेल के लिए **बड़ा** मैदान चाहिए।

## 19 गाँव और शहर

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) रामू गाँव से आया था।

(ख) शहरों में फल और सब्जियाँ गाँव से आती हैं।

(ग) लोहे का सामान बनाने वालों को लोहार कहते हैं?

(घ) धोबी कपड़े धोते हैं।

(च) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म जीरादेई गाँव में हुआ था।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

(क) बस अड्डे के लिए **तीन** किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।

(ख) जो मिट्टी का सामान बनाते हैं उन्हें **कुम्हार** कहते हैं।

(ग) गाँव के आस पास **हरे-भरे बाग होते** हैं।

(घ) **राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** जीरादेई गाँव में जन्मे थे।

3. **दिए गए वाक्यों के सामने उचित चिह्न लगाएँ-**

(क) क्या बस गाँव तक जाती है?

(ख) लोहार लोहे का सामान बनाते हैं ।

(ग) क्या कारण है कि गाँव के बहुत कम लोग बीमार होते हैं ?

(घ) अनेक महापुरुषों ने गाँवों में जन्म लिया हैं।

4. **दिए गए शब्दों से चुनकर समान अर्थ वाले शब्द लिखें-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्राम | गाँव | सड़क | रास्ता |
| सुबह | प्रात: | पशु | जानवर |
| कृषि | खेती | बाग | वाटिका |
| घर | भवन | स्वस्थ | निरोग |

5. **दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखें-**

| | |
|---|---|
| गाँव का | गाँवों के |
| बस के द्‌वारा | बसों के द्‌वारा |
| मच्छर से | मच्छरो से |
| हरे-भरे खेत में | हरे-भरे खेतो में |

## 20 हाथी

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
   (क) सबसे ऊँचा, सबसे भारी पशु हाथी है।
   (ख) हाथी के कानों की तुलना सूप से की गई है।
   (ग) सूँड़ से हाथी भारी सामान उठाकर रखता, खाता, नहाता आदि है।
   (घ) हाथी के लंबे दाँत गहने बनाने के काम आते हैं।
   (च) हाथी को पीलवान चलाता है।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**
   (क) सबसे ऊँचा सबसे भारी। इसकी शान सभी से न्यारी।।
   (ख) देखो सूँड बनी है कैसी। लंबी मोटी अजगर जैसी।।
   (ग) इन दाँतों से बनते गहने। साथी, हाथी के क्या कहने?

3. **नीचे हाथी के पर्यायवाची शब्द दिए गए हैं इन्हें प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए-**

हस्ती - हस्ती सबसे ऊँचा जानवर है।

करी - करी सूँड से पानी लेकर नहाता है।

गज - गज के सूप जैसे कान होते हैं।

4. **दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के बदले समानार्थी शब्द लिख कर वाक्य**

**फिर से लिखिए–**

(क) गज सूँड़ से ही सब काम करता है।

(ख) गज एक विवेकवान जानवर है।

(ग) सृष्टि के चमत्कार अनोखे है।

(घ) रवि हमें उजाला देता है।

(च) निशा को नभ में शशि चमकता है।

(छ) हम पाठशाला में पढ़ते है।

5. **दिए गए शब्दों में से चुन कर नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| समझदारी | नासमझी | प्रेम | घृणा |
| सत्य | असत्य | बड़प्पन | छोटापन |
| वीरता | कायरता | अच्छा | बुरा |

## 21 जगदीश चंद्र बसु

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जगदीश चंद्र बसु का जन्म में ढाका हुआ था।

(ख) प्रोफेसर बसु प्रेसीडेंसी कॉलेज कोलकाता में पढ़ाते थे?

(ग) जगदीश चंद्र बसु ने सिद्ध किया कि पेड़-पौधे भी हमारी तरह साँस लेते हैं, भोजन करते हैं, दु:ख में रोते तथा सुख में प्रसन्न होते हैं।

(घ) जगदीश चंद्र बसु छात्रों को शिक्षा देते थे कि जीवन का एक लक्ष्य बनाओ उसी पर आगे बढ़ते रहो।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–**

(क) पेड़-पौधे भी हमारी तरह **साँस** लेते हैं।

(ख) अंग्रेजों का **बसु** के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं था।

(ग) देश-विदेश के **वैज्ञानिक** उनसे परामर्श करने लगे ।

(घ) छात्रों की सुविधा के लिए कोलकाता में बसु **ने बसु विज्ञान मंदिर** खोला।

3. **दिए गए वाक्यों के निषेधवाचक वाक्य बनाएँ–**

(क) जगदीश चंद्र जी इन बच्चों से घृणा नहीं करते थे।

(ख) श्री बसु सेंट जेवियर कालेज में प्रोफेसर नहीं बने।

(ग) असफल होने पर दूसरों को दोष मत दो।

(घ) परिस्थिति के सामने हार मत मानो।

## 22 रानी लक्ष्मीबाई

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) रानी लक्ष्मीबाई का जन्म बनारस में हुआ था।

(ख) रानी लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम मनु था।

(ग) रानी लक्ष्मीबाई झाँसी की रानी थीं।

(घ) महारानी लक्ष्मीबाई ने मरने से पहले कहा कि मेरे शरीर को फिरंगियों के हाथ में न पड़ने देना।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

(क) हमारे देश की नारियाँ **वीरता** में भी कम नहीं रही हैं।

(ख) मनु बचपन से ही विशेष **चतुर** थी।

(ग) अंग्रेजी सरकार **झाँसी** को अपने आधीन करना चाहती थी।

(घ) रानी का **घोड़ा** युद्ध क्षेत्र में थक कर गिर गया।

## 23 चाय बागान की सैर

1. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) कंबोडियन चाय अधिक पसंद की जाती है।

(ख) चाय तीन किस्म की होती है।

(ग) चाय के पौधों के लिए गरम और नम जलवायु की आवश्यकता होती है।

(घ) पत्तियों के सूखने पर कटे हुए सेब जैसी सुगंध आती है।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

(क) हम सब कल प्रात: ही **दार्जीलिंग** पहुँच गए।

(ख) **बाग** देख कर हमारा मन खुशी से झूम उठा।

(ग) सेंकने से **पत्तियाँ** मुड़ कर काली हो जाती हैं।

(घ) चाय सबसे पहले **चीन** में उत्पन्न हुई थी।

3. **विशेषता बताने वाले शब्दों को चुनकर लिखें-**

(क) हरे-भरे (ख) बड़ी (ग) काली

(घ) सूखी (च) बड़ी-बड़ी

## 25 निबंध
## होली

1. **ऊपर लिखे संकेतों के आधार पर निबंध लिखिए -**

होली फाल्गुन की पूर्णिमा को जलाई जाती है। राजा हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद बड़ा ईश्वर भक्त था। राजा ईश्वर द्रोही होने के कारण अपने पुत्र को भी शुत्र की तरह सताता था । प्राचीन काल में इसी पूर्णिमा के दिन बुआ होलिका प्रह्लाद को जलाने के लिए अपनी गोद में लेकर आग में बैठ गई। भगवान की कृपा

से प्रह्लाद जी बच गए बुआ होलिका जल गई इस पूर्णिमा को उसी यादगार में त्योहार के रूप में मनाते हैं। भक्त प्रह्लाद को सताने के कारण भगवान ने नरसिंह रूप धारणकर अपने नाखूनों से हिरण्यकश्यप का वध कर दिया था। इस होली के त्योहार को बच्चे और बड़े धर्म की अधर्म पर विजय के रूप मे मनाते है। पूर्णिमा के अगले दिन होली खेली जाती है।

## 26 कहानी लेखन

1. **नीचे लिखे संकेतो के आधार पर 'एकता में बल' कहानी लिखिए-**

रामू के बेटे आपस में लड़ते थे। रामू चिंता में डूबा रहता था कि मेरे मरने के बाद क्या होगा। एक दिन उसने पाँचों बेटो को बुलाया और कहा कि सभी एक-एक लकड़ी का डंडा लाओ और सभी को एक साथ बाँध दो। रामू ने फिर उसे तोड़ने को कहा कोई भी बेटा उसे तोड़ नहीं पाया। फिर लकड़ी को अलग-अलग करके तोड़ने को कहा। सबने अपनी-अपनी लकड़ी तोड़ थी। रामू ने बच्चों को कहा कि इक्ट्ठी लकड़ियाँ क्यों नही तोड़ सके। क्योंकि एकता में बल है। तुम भी एक हो जाओ तो कोई तुम्हें तंग नहीं कर सकता यदि अलग-अलग रहोगे तो कोई भी हानि पहुँचा सकता है ।

## 27 अपठित गद्यांश

1. **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें-**
   (क) शहर के पास हरा भरा स्थान था।
   (ख) पिकनिक के लिये रविवार का दिन चुना।
   (ग) खाने-पीने का सामान टोकरियों में रखा।
   (घ) बच्चे खेलने के लिए फुटबॉल, बेड-मिंटन साथ ले गए।

2. **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें-**
   (क) आम दामू गौर से देख रहा था
   (ख) गोमू दामू का मित्र था ।
   (ग) गोमू ने दामू से पूछा कि आम को इतने गौर से क्यों देख रहे हो।
   (घ) दामू देख रहा था कि आम पर किसका नाम लिखा है।
   (च) खाने योग्य चीज पर खाने वाले का नाम लिखा होता है।